राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 14 जून। राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री श्री शांति धारीवाल ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री शांति धारीवाल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी एवं मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि कल दिनांक 15 जून, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भू-जल एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी तथा तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री जियाउर रहमान, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज एवं श्री राजेन्द्र यादव इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter